# कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC
# जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

क्र./तक.–11/WCDC/कृषि/2022–23/ 1527 बिलासपुर, दिनांक :– 02/12/22

## –:: विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (WCDC) इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर, कृषक नगर, लाभाण्डी रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक 662/CGSWMA/2022 रायपुर, दिनांक 29.09.2022 के माध्यम से प्राप्त निर्देश के परिपालन में WDC-PMKSY 2.0 योजना के सफल संचालन हेतु विकासखण्ड–कोटा में सम्मिलित माईक्रोवाटरशेड में निम्नांकित संविदा पदों के सम्मुख दर्शाये गये वांछित अर्हतानुसार संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

**परियोजना का नाम– WDC-PMKSY 2.0/1/2021-22 कोटा**

**परियोजना स्तरः–**

| क्र. | योजना का नाम एवं वि.खं. | पदनाम | माईक्रोवाटरशेड का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | मासिक संविदा वेतन (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC-PMKSY 2.0/1 वि.खं.–कोटा | वाटरशेड सचिव | बिटकुली, रिगरिगा–1 (अनारक्षित) | 1. 12वीं पास, माईक्रो वाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम/ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्यूटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। | 5000/- |
| 2 | | वाटरशेड सचिव | डांड़बछाली, पहाड़बछाली–1 (अनारक्षित) | | 5000/- |
| 3 | | वाटरशेड सचिव | नवागांव सोन–1 (अनारक्षित) | | 5000/- |
| 4 | | वाटरशेड सचिव | नगोई–1 (अनारक्षित) | | 5000/- |
| 5 | | वाटरशेड सचिव | नगपुरा–1 (अनारक्षित) | | 5000/- |
| 6 | | वाटरशेड सचिव | तुलुफ–1 (अनारक्षित) | | 5000/- |
| 7 | | वाटरशेड सचिव | कसईबहरा–1 (अनारक्षित) | | 5000/- |
| | | **योग** | **07 (अनारक्षित)** | | |

नियम व शर्तें :-

1. संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगी। WCDC आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का गोपनीय प्रतिवेदन द्वारा आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि परियोजना अवधि के समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20.12.2022 कार्यालयीन समय तक रहेगा। आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साईज के फोटो शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव, जाति, निवास संबंधी प्रमाण–पत्र स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें। समय सीमा के पश्चात प्राप्त पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
3. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। लिफाफे के ऊपर प्रेषक एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा। स्वयं का पता लिखा हुआ दो लिफाफा 10 रूपये के डाक टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. मेरिट के आधार पर चयन किया जावेगा। अभ्यर्थी छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिये सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।
5. A-4 साईज में टाईप किये गये आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC बिलासपुर के नाम से प्रस्तुत करें, आवेदन का प्रारूप संलग्न है।
6. शासन द्वारा संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित आयु–सीमा एवं छूट लागू होगी।
7. विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा।
8. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी/मैट्रिकुलेशन), जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण–पत्र, आरक्षित पदों हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
10. मासिक एकमुश्त राशि का निर्धारण वह होगा जो CGSWMA द्वारा समय--समय पर सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
11. CGSWMA के द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार शर्तें मान्य होंगे।

12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 से शासित होंगे।
13. नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
14. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा नियुक्ति शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिए किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान या मृत्युलाभ आदि की पात्रता नही होगी।
15. प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।
16. तैयार मेरिट सूची से रिक्त पदों के विरूद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच एवं कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।
17. आवेदक अपनी अर्हता की स्वयं जांच करने तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन भेजे। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट/त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जावेगा।
18. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने का एवं आवेदन पत्रों पर विचार करने/स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति संबंधी समस्त प्रक्रिया में कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC जिला–बिलासपुर का निर्णय मान्य होगा।
19. विज्ञापन में दर्शित अर्हता/योग्यता/पात्रता इत्यादि में भिन्नता पाये जाने पर योजना में दिशा निर्देश में अंकित अनुसार ही अंतिम रूप से मान्य किया जावेगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

उप संचालक कृषि सह
परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें |
|---|

प्रति,

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

1. आवेदित पद का नाम :– ........................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ........................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :– ........................................
3. लिंग (पुरूष / महिला) :– ........................................
4. वैवाहित स्तर :– ........................................
   (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर) :– ........................................
5. पिता / पति का नाम
6. प्रवर्ग (सामान्य / अजा. / अजजा. / अपिव) :– ........................................
7. जन्म तिथि (अ) अंको में :– ........................................
   (ब) शब्दों में :– ........................................
8. आयु (01.12.2022 की स्थिति में) :– ..........वर्ष........माह........दिन
9. जाति :– ........................................
   (आरक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता :– ........................................
    :– ........................................
11. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– ........................................
    :– ........................................
    मोबाईल नंबर :– ........................................
12. जिला जहाँ के मूल निवासी हैं :– ........................................
13. शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुये)

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | मान्यता प्राप्त बोर्ड / वि.वि.का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

क्रमशः 2 पर

14. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण :- ..............................
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)
15. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन :- ..............................
16. आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत है? :- ..............................
17. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय/में लंबित हैं? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हाँ तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :- ..............................

**टीप :- जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण एवं अन्य प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।**

18. **संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-**

1. .............................................. 2. ..............................................

3. .............................................. 4. ..............................................

5. .............................................. 6. ..............................................

7. .............................................. 8. ..............................................

आवेदक के हस्ताक्षर
(नाम एवं पूरा पता)

**घोषणा-पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक के हस्ताक्षर
(नाम एवं पूरा पता)